**आकाशवाणी शिमला**
**22.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन भविष्य में यांत्रिक मेधा के उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्ट–अप से जुड़े लोग उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा विश्व भर के नेता यह देखकर आश्चर्यचकित थे कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी यांत्रिक मेधा की सहायता से प्राचीन ग्रंथों, ज्ञान और पांडुलिपियों का संरक्षण कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने रमजान के महीने और आगामी होली के त्यौहार की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने ''वोकल फॉर लोकल'' के मंत्र को भी दोहराया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी।

**पेंशन–अनुबंध सेवा काल**

प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों के अनुबंध सेवा काल की अवधि की पेंशन के लिए गणना की जाएगी। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राज्य सरकार ने यह प्रावधान कर दिया है। वित्त विभाग ने 16 फरवरी को जारी उस निर्देश को वापस ले लिया, जिसमें अनुबंध सेवाकाल को पेंशन लाभ के लिए नहीं गिनने की बात कही थी।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज चंबा ज़िले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चनेड के विज्ञान खंड का शिलान्यास किया। इस पर लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत आएगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि स्कूल में लम्बे समय से विज्ञान खंड की मांग की जा रही थी और इसका निर्माण जल्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहली किश्त के रूप में 50 लाख रुपये उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

**हर्ष महाजन**

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि केंद्र सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास व प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने प्रदेश के लिए करीब 2 सौ 86 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता जारी की है। इसमें से करीब 27 करोड़ रूपये कैपिटल इन्वेस्टमेंट की दूसरी किश्त जबकि 2 सौ 59 करोड़ रूपये आपदा पुनर्निमाण और अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए स्वीकृत किए गए हैं। हर्ष महाजन ने कहा कि केंद्र की ये सहायता प्रदेश के लिए बड़ी राहत है और इससे राज्य में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये सहयोग इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार प्रदेश के विकास के प्रति संवेदनशील और समर्पित है।

**पी.एम.एफ.एम.ई.**

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकरण योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण से किन्नौर जिला में स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना के तहत उद्योग लगाने पर सरकार 35 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है। जिला किन्नौर में इस वर्ष योजना के तहत करीब 20 लोगों ने एप्पल ग्रेडिंग और पैकिंग यूनिट स्थापित किए हैं।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददता**

*प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकरण योजना 2020–21 में शुरू हुई थी ओर 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी जिला उद्योग केंद्र जिला किन्नौर के उप महा प्रबंधक गुरु लाल नेगी ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला किन्नौर ने इस वर्ष करीब 20 लोगों ने ऐप्पल ग्रेडिंग और पैकिंग यूनिट स्थापित किया है और योजना का लाभ लिया है यदि कोई लाभार्थी लगभग 28 लाख 57 हजार रुपये का निवेश करता है तो उसे 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी मिल सकती है और योजना तहत मशीनरी, शैड, जनरेटर सहित कई जरूरी उपकरणों उपदान दिया जाता है केवल ग्रेडिंग पैंकिग, फ्लोर मील जूस, आचार, जेम्म व अन्य खाद्य प्रसंस्करण ईकाईयां भी इस योजना में शामिल हैं विभाग स्वयं इस नियुक्त रिर्सोस पर्सन इस योजना में लोगों की मदद करते है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना में जुड़ सकें। 57''*

---